PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Rashtriya Sahara, Delhi**
**Thursday, 1st March 2012, Page: 14**
**Width: 4.70 cms Height: 9.14 cms, Ref: pmin.2012-03-01.50.136**

# फिक्की ने कहा-भारत में बिकने वाली 15-20 प्रतिशत दवाएं नकली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उद्योग मंडल फिक्की की एक समिति ने बुधवार को कहा कि देश में बिकने वाली 15-20 प्रतिशत दवाएं नकली हैं।

फिक्की-पायरेसी व नकल के खिलाफ राष्ट्रीय पहल की एक रपट में कहा गया है, कुल भारतीय बाजार में नकली व जाली दवाओं का हिस्सा अनुमानतः 15-20 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि देश में नकली उत्पादों का सालाना बाजार लगभग 600 अरब डालर का है।

बीते दो दशकों में देश में जाली उत्पादों का बाजार 10,000 प्रतिशत बढ़ा है। इसमें कहा गया है कि देश में दवा, कास्मेटिक, डिब्बाबंद भोजन, साफ्टवेयर व सिगरेट सहित लगभग 27 तरह के उत्पादों के नकली उत्पाद मिलते हैं।

Regulatory.